अमर उजाला

Firozabad News: 130 किलो नकली मावा कराया नष्ट

फिरोजाबाद। होली का पर्व नजदीक आते ही मावा की मांग बढ़ जाती है। इसका फायदा मिलावटखोरों ने उठाना शुरू कर दिया है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक आयुक्त डाॅ. सुधीर कुमार ने 130 किलो मिलावटी मावा को नष्ट कराया। टीम ने प्रयोगशाला वैन से तुरंत जांच की, इसमें कई अखाद्य पदार्थ के मिलावट होने की पुष्टि हुई। बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ. सुधीर सिंह को खबर मिली कि मिलावटी मावा शिकोहाबाद ले जाया जा रहा है। इस पर उन्होंने ने टीम के साथ में मक्खनपुर पर डेरा जमा लिया। इस दौरान एक बाइक सवार को रोका। इसके पास में करीब 130 किलो मावा था। टीम को मावा की गुणवत्ता पर संदेह हुआ तो उन्होंने मौके पर ही मोबाइल प्रयोगशाला वैन को बुला लिया। मोबाइल प्रयोगशाला वैन से जब इस मावा की जांच कराई तो यह मिलावटी निकला। इसमें सेलम का पाउडर मिला प्रतीत हुआ। इस पर सहायक आयुक्त ने सैंपल भरने के बाद में इस मावा को सड़क किनारे ही नष्ट करा दिया।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/firozabad/130-kg-fake-mawa-destroyed-firozabad-news-c-169-1-sagr1024-119538-2024-03-07